# Daily Current Affairs 27 June 2022



byjusexamprep.com

# Index

- बंदूक सुरक्षा कानून
- नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान
- भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम
- मानव तस्करी विरोधी जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन
- ज्योतिर्गमय- अनसुने कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाला उत्सव का समापन
- गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार 2021
- अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस
- बाबा बंदा सिंह बहादुर का शहादत दिवस

# Important News: International

## 1. बंदूक सुरक्षा कानून

**चर्चा में क्यों:**



- अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा संघीय बंदूक सुरक्षा कानून पर हस्ताक्षर किए है।

**प्रमुख बिंदु:**

- टेक्सास प्रांत में प्राथमिक विद्यालय और बफेलों न्यूयॉर्क में एक सुपरमार्केट में हुई गोलीबारी की घटनाओं के बाद बंदूक सुरक्षा कानून को पेश किया गया था।
- नये बंदूक सुरक्षा कानून में 18 से 21 वर्ष की आयु के बंदूक खरीदने वाले युवाओं की पृष्ठभूमि की जांच के दायरे को बढ़ाया गया है।
- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव द्वारा इस विधेयक को 193 के मुकाबले 234 मतों से पारित किया गया था, जिसके पश्चात सीनेट द्वारा भी मतदान के माध्यम से इस विधेयक को पारित किया गया था।
- बंदूक सुरक्षा कानून का प्रमुख उद्देश्य लोगों के जीवन को सुरक्षित करना है।

स्रोत: लाइवमिंट

# Important News: National

## 2. नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान

**चर्चा में क्यों:**



- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नई दिल्ली के प्रगति विहार में भीष्म पितामह मार्ग स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में नशा मुक्त भारत अभियान दौड़ -नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध 19वीं दौड़ - का आयोजन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस वर्ष की थीम ''ड्रग्स पर तथ्य साझा करें, जीवन बचाएं' है।
- नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से मुक्त दुनिया का निर्माण करने के लिए उठाए गए कदमों और सहयोग को सुदृढ़ बनाने के लिए मनाया जाता है।
- इस दौड़ का आयोजन इसके लिए जागरूकता पैदा करने और नशीली पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध एक संयुक्त मोर्चा प्रस्तुत करने के उद्देश्य से किया जाता है।
- ''नशा मुक्त भारत अभियान दौड़ – नशीले पदार्थों के विरुद्ध दौड़' के लिए सामूहिक कार्यक्रम से संबंधित पहल है जिसमें 1 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर दौड़, जुंबा क्लासेज, एरोबिक्स का आयोजन भी शामिल है।

**स्रोत: पीआईबी**

### 3. भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम

**चर्चा में क्यों:**

- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा एक अधिसूचना जारी की गयी है, जिसके तहत भारत न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम (बीएनसीएपी) के संबंध में सीएमवीआर (केंद्रीय मोटर वाहन नियमन), 1989 में एक नया नियम 126ई सम्मिलित करने का प्रस्ताव किया गया है।




**प्रमुख बिंदु:**

- नये कानून के तहत देश में निर्मित या आयातित 3.5 टन से कम सकल वाहन वजन के साथ श्रेणी एम 1 श्रेणी के स्वीकृत मोटर वाहनों पर समय-समय पर संशोधित ऑटोमोटिव उद्योग मानक

(एआईएस)-197 के अनुसार लागू किया जायेगा, यह मानदंड वैश्विक बेंचमार्क के अनुसार है और न्यूनतम नियामक आवश्यकताओं से कहीं अधिक है।

- नवीन संशोधन के अनुसार भारत एनसीएपी रेटिंग द्वारा उपभोक्ताओं को (ए) एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (एओपी) (बी) चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन (सीओपी) और (सी) सुरक्षा सहायक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में वाहन का मूल्यांकन करके इसमें सवार लोगों की सुरक्षा के स्तर का संकेत प्रदान किया जायेगा, एआईएस 197 के अनुसार किए गए विभिन्न परीक्षणों के खिलाफ स्कोरिंग के आधार पर वाहन को एक से पांच स्टार तक स्टार रेटिंग भी प्रदान की जाएगी।
- न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम के लिए सीएमवीआर 1989 के नियम 126 में शामिल आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित परीक्षण एजेंसियों में वाहनों की जांच की जाएगी।

**स्रोत: पीआईबी**

### 4. मानव तस्करी विरोधी जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन

**चर्चा में क्यों:**

- राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) द्वारा पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) के सहयोग से मानव तस्करी विरोधी जागरूकता पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- एक दिवसीय जागरूकता सत्र में मानव तस्करी के परिचय,अवधारणा,प्रकार और मौजूदा प्रतिक्रिया प्रणाली और तस्करी के मनोवैज्ञानिक सामाजिक प्रभाव के साथ-साथ इसकी रोकथाम में नागरिक समाज संगठनों की भूमिका पर चर्चा की गई।
- संगोष्ठी को चार तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया, ' परिचय : मानव तस्करी की अवधारणा, पैटर्न और मौजूदा प्रतिक्रिया प्रणाली ', 'मानव तस्करी के विभिन्न आयाम', 'तस्करी का मनोवैज्ञानिक सामाजिक प्रभाव' और 'मुक्ति, मुक्ति के बाद देखभाल और पुनर्वास में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका'।
- मानव तस्करी विरोधी जागरूकता पर संगोष्ठी में राज्य महिला आयोग, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के महिला एवं बाल विकास विभाग, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारी, सरकारी संगठन, राष्ट्रीय आयोग, प्रशासनिक, न्यायपालिका और पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, गैर-सरकारी संगठन,चिकित्सा संस्थानों के निदेशक तथा विश्वविद्यालय/ कॉलेज को शामिल किया गया।
- राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा 2 अप्रैल, 2022 को मानव तस्करी के मामलों से निपटने, महिलाओं और लड़कियों के बीच जागरूकता बढ़ाने, क्षमता निर्माण और तस्करी विरोधी इकाइयों के प्रशिक्षण

और कानून प्रवर्तन मशीनरी को संवेदनशील तथा सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (एएचटीसी) की स्थापना की थी।

**स्रोत: द हिंदू**

## 5. ज्योतिर्गमय- अनसुने कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने वाला उत्सव का समापन

**चर्चा में क्यों:**

- गलियों में प्रदर्शन करने वाले, रेलगाड़ियो में मनोरंजन करने वाले, मंदिरों से जुड़े कलाकारों आदि सहित देश भर के दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा उत्सव ज्योतिर्गमय का नई दिल्ली के कमानी ऑडिटोरियम में समापन किया गया।




**प्रमुख बिंदु:**

- 5 दिवसीय महोत्सव के दौरान देश के कोने-कोने से आए अनसुने कलाकारों की प्रतिभा प्रदर्शित की गई, जिसमें प्रतिदिन 15 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिमसें कुल 75 प्रदर्शनो को प्रदर्शित किया गया।
- उत्सव के दौरान ललित कला गैलरी में एक लाइव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कमाइचा, रावणहथा, रबाब, पुंग, सारंगी, जोड़ी पावा, खोल जैसे संगीत वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित किया गया, जो हमारे देश के विभिन्न हिस्सों से संबंधित हैं।
- ज्योतिर्गमय उत्सव में मद्दलम, रुद्र वीणा, दुक्कड़, शहनाई और नादस्वरम जैसे दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्रों के निर्माण पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें कलाकारों, विद्वानों, शोधकर्ताओं, छात्रों आदि द्वारा उत्साह के साथ प्रतिदिन अवलोकन किया गया।
- आयोजन के दौरान उत्सव में 20 दुर्लभ वाद्ययंत्रों की प्रदर्शनी को दर्शको के लिए प्रदर्शित किया गया।

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: Sports

### 6. गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार 2021




- भारत के विजय अमृतराज को वर्ष 2021 के गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ द्वारा प्रदान किया जाता है।
- गोल्डन अचीवमेंट पुरस्कार टेनिस में उस व्यक्ति को दिया जाता है, जो प्रशासन, प्रोत्साहन और शिक्षा के क्षेत्र में टेनिस को आगे ले जाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान करता है।
- विजय अमृतराज को विश्व में टेनिस के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में जाना जाता है, जिन्होंने पेशेवर टेनिस को एटीपी टूर में परिवर्तित किया था।

**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**

## Important News: Days

### 7. अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस




- वाणिज्य एवं आर्थिक प्रणाली में नाविकों के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 25 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस' का आयोजन सम्पूर्ण विश्व में किया जाता है।
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन द्वारा वर्ष 2010 में प्रतिवर्ष 25 जून को अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, जिसके पश्चात् वर्ष 2011 में प्रथम 'अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस' आयोजित किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय नाविक दिवस का प्राथमिक लक्ष्य लोगों को वैश्विक व्यापार और परिवहन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नाविकों के कार्य के संदर्भ में जागरूक करना है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

# Important News: Personality

## 8. बाबा बंदा सिंह बहादुर का शहादत दिवस

**चर्चा में क्यों:**



- राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण द्वारा महान योद्धा बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहादत दिवस को नई दिल्ली स्थित लाल किले में मनाया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- नई दिल्ली स्थित लाल किले में कार्यक्रम के दौरान, ढाडी जत्था का प्रदर्शन किया गया तथा साथ ही एकप्रदर्शनी के माध्यम से बाबा बंदा सिंह बहादुर की कहानी को दर्शाया गया।
- बाबा बंदा सिंह बहादुर एक महान सिक्ख योद्धा थे तथा वह खालसा आर्मी के एक कमांडर भी थे जिन्होंने मुगलों को शिकस्त दी और उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से को दमनकारी मुगल शासन से मुक्त कराया तथा पंजाब में खालसा शासन की स्थापना की थी।
- बंदा सिंह बहादुर द्वारा जमींदारी व्यवस्था को समाप्त किया गया और भूमि जोतने वालों को संपत्ति का अधिकार प्रदान किया गया।
- बंदा सिंह बहादुर एक महान शासक थे, जिन्होंने नानक शाही सिक्कों की शुरुआत की।
- बंदा सिंह बहादुर को मुगल शासक फर्रुखसियार द्वारा पकड़ लिया गया और महरौली में उनकी शहादत हो गई, जहां उनकी याद में एक स्मारक का निर्माण किया गया।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**